‘हर घर नल कनेक्शन’

drishtiias.com/hindi/printpdf/har-ghar-nal-connection

चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2021 को जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत राज्यस्तरीय योजना स्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) की बैठक में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रेग्यूलर विंग एवं मेजर प्रोजेक्ट्स के तहत 203.83 करोड़ रुपए की लागत से 145 परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई।

प्रमुख बिंदु

- इससे 173 गाँवों में 38503 **‘हर घर नल कनेक्शन’** दिये जाएंगे। इसके अलावा बैठक में मेजर प्रोजेक्ट्स के तहत **चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर में सर्वे और डीपीआर तैयार करने के दो कार्यों के लिये** 268.60 लाख रुपए के प्रस्ताव तथा **जेजेएम** की वार्षिक योजना के तहत सपोर्ट गतिविधियों हेतु 297.55 करोड़ रुपए के प्रस्तावों का भी अनुमोदन किया गया।
- बैठक में रेग्यूलर विंग के तहत धौलपुर के 36 गाँवों के लिये 47 करोड़ रुपए की लागत से 29 ग्रामीण योजनाओं की स्वीकृति दी गई। इससे 9673 ‘हर घर नल कनेक्शन’ दिये जाएंगे।
- झालावाड़ में 34 गाँवों के लिये 24.49 करोड़ रुपए की लागत से 31 ग्रामीण योजनाओं की स्वीकृति दी गई। इससे 6008 ‘हर घर नल कनेक्शन’ दिये जाएंगे।
- करौली में 43 गाँवों के लिये 41.80 करोड़ रुपए की लागत से 36 ग्रामीण योजनाओं की स्वीकृति दी गई, इससे 9274 ‘हर घर नल कनेक्शन’ दिये जाएंगे।
- बूंदी ज़िले में एक ग्रामीण परियोजना में ‘हर घर नल कनेक्शन’ के लिये 2.34 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी जारी की गई।
- इसके अलावा अलवर में 46 गाँवों के लिये 54.10 करोड़ रुपए की लागत से 47 ग्रामीण योजनाओं की स्वीकृति दी गई, इससे 11859 ‘हर घर नल कनेक्शन’ दिये जाएंगे।
- बृहद् पेयजल परियोजनाओं के तहत बारां ज़िले में सिंगोला एनिकट आधारित पेयजल परियोजना के लिये 34.10 करोड़ रुपए की मंज़ूरी दी गई। इसमें 10 गाँवों में 1367 ‘हर घर नल कनेक्शन’ दिये जाएंगे।
- सर्वे और डीपीआर तैयार कराने के कार्यों में चित्तौड़गढ़ में चंबल नदी आधारित पेयजल परियोजना से 265 गाँवों में 36254 ‘हर घर नल कनेक्शन’ के लिये 156.32 लाख रुपए दिये गए। उदयपुर में सोम कमला अंबा बांध से 164 गाँवों में 26041 ‘हर घर नल कनेक्शन’ हेतु 112.28 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।